मीडिया मैप

उदार जनतंत्र का सजग प्रहरी



हम क्यों...

मीडिया मैप एक वैचारिक पत्रिका है। मीडिया जगत के नीतिपरक और मूल्यनिष्ठ बिन्दु तथा इनसे जुड़ाव रखने वाले आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक मुद्दे इसकी विषयवस्तु है। मीडिया मैप की संपादकीय नीति उदारवादी, आधुनिक, प्रगतिशील व सर्वधर्म समभाव की भावना पर आधारित है। मीडिया मैप हमारे बहुलतावादी समाज की विविधताओं से सृजित समस्त सोच, विचार, दृष्टिकोण, मूल्य और मान्यताओं को अपने में समाहित करने का एक प्रयास है । हमारा उद्देश्य वैज्ञानिक सोच द्वारा समाज से जुड़े मूल मुद्दों पर एक प्रबुद्ध जनमत विकसित करना है जिससे देश में संकुचित मानसिकता और आपसी टकराव से उपर उठकर एक उच्चस्तरीय विचार-विमर्श का वातावरण तैयार हो सके।

मीडिया मैप

संपादकीय सलाहकार मंडल

डॉ. रामजीलाल जांगिड
डॉ बलदेवराज गुप्त
डॉ जॉन दयाल
डॉ गौहर रजा
मंगल सिंह आजाद

संपादक

प्रो प्रदीप माथुर

संयुक्त संपादक

डॉ सतीश मिश्रा

सहयोगी संपादक

प्रो शिवजी सरकार

ब्यूरो प्रमुख

राजीव माथुर

मुख्य सह-संपादक

प्रशांत गौतम

सह-संपादक

अंकुर कुमार

मुख्य प्रबंधक

जगदीश गौतम

विधि परामर्शदाता

संजय माथुर

पंजीकृत कार्यलय

2325, सेक्टर - डी, पॉकेट - 2, वसंतकुंज, नई दिल्ली

कार्यालय

69 ज्ञानखंड-4 इंदिरापुरम गाजियाबाद-201014

दूरभाष - *9810385757 / 9910069262*

एम बी के एम फाउंडेशन प्रकाशन

ईमेल-

editor@mediamap.co.in

संपादकीय
पत्र पाठको के
एक झलक पिछले अंक की
विचार प्रवाह
राजनीति परिदृश्य

क्या वास्तव में चन्द्रचूड़ मोदी समर्थक थे?	डॉ. सलीम खान	9
आर्थिक जगत		
वैश्विक स्तर पर सोने की होड़ एक सुरक्षा प्रवृत्ति का संकेत	प्रो शिवाजी सरकार	11
ऊर्जा परिवर्तन: एक अच्छे भविष्य का मार्ग	राजीव माथुर	13
देश-विदेश		
ट्रम्प की वापसी: 2025 एजेंडा में अर्थव्यवस्था की बहाली और पूर्वी यूरोप का पुनर्निर्माण।	गोपाल मिश्रा	16
ट्रम्प की जीत सिद्धांत और नैतिकता की राजनीति के लिए एक झटका	डॉ. सतीश मिश्रा	18
राज्यों से		
राजनीति: क्या पंजाब में भाजपा का "बाहरी " उम्मीदवार उतारने का प्रयोग विफल हो गया है?	प्रभजोत सिंह	20
क्या बंटोगे तो कटोगे नारे ने मतदाताओं को प्रभावित किया	ज़ेबा हसन	21
क्या बिहार में प्रशांत कौशिक वोट कटवा बनेंगे?	मीडिया मैप न्यूज़	23
विविधा		
गांधीजी का मानवतावादी राष्ट्रवाद बनाम संघ परिवार का विभाजनकारी हिंदू राष्ट्रवाद	प्रो राम पुनियानी	25
आधुनिक गुरु का दृष्टिकोण: भगवा नहीं, सेवा का मार्ग	जगदीश गौतम	28
6 दिसंबर: डॉ. भीमराव अंबेडकर पुण्यतिथि		
दलित और महिला संघर्ष के लिए नेतृत्व डॉ. अम्बेडकर	प्रशांत गौतम	30
श्रद्धांजलि		
अलविदा, प्यारे मित्र: एक अनमोल रिश्ते की कहानी	प्रो प्रदीप माथुर	33
फिल्म जगत : 3 दिसंबर : देव आनंद पुण्यतिथि		
एक चमकता सितारा जिसकी फिल्में हमेशा अपने समय से आगे रही	प्रशांत गौतम	35
कथा साहित्य		
डूबते जहाज़ के भागते चूहे	दिनेश नारायण वर्मा	37

पत्र पाठको के

अरुण माथुर - बधाई हो जी, सभी लेख अद्‌भुत एवं आनंददायक हैं।

प्रो शिवाजी सरकार - नई पत्रिका का जन्म उत्साहवर्धक है। आपका एडिटोरियल एडवाइजर होना इसे ऊर्जा देगा। अच्छा लेख है। शुभकामनाएं।

शिखा त्यागी - उत्कृष्ट पत्रिका

एक झलक पिछले अंक की

नेहरू विरोधी अभियान का असली कारण और उसका आर्थिक पहलू

संघ परिवार की उच्च हिंदू वर्ग केन्द्रित राजनीति और जवाहरलाल नेहरू का पुरज़ोर विरोध भारतीय राजनीति का एक ऐसा विरोधाभास है जिसे समझना मुश्किल है। नेहरू जी उस कश्मीरी ब्राह्मण समाज से आते थे जो अपने को सर्वश्रेष्ठ ब्राह्मण मानते हैं क्योंकि उनमें वैदिक काल की उस आर्य जाति का विशुद्ध रक्त है जिसने सनातन धर्म की नींव रखी थी। - ***प्रो प्रदीप माथुर***

ऑनलाइन शिक्षा के तरीको में सुधार की आवश्यकता

भारत की शिक्षा व्यवस्था में लगभग 25 करोड़ छात्र स्कूलों में और 3.7 करोड़ कॉलेजों तथा व्यावसायिक संस्थानों में पढ़ाई कर रहे हैं, जो इसे दुनिया के सबसे बड़े शिक्षा तंत्रों में से एक बनाता है। हालांकि, इस विशाल संख्या के बावजूद, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 30% छात्र ही इंटरनेट और डिजिटल उपकरणों की सुविधा का लाभ उठा पा रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान, लॉकडाउन और संक्रमण के डर से स्कूल और कॉलेज बंद रहे, जिससे 70% छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हुई, जो किसी विकासशील देश के लिए एक गंभीर स्थिति है जहाँ शिक्षा पिछड़ेपन को मिटाने का एक प्रमुख साधन है। - ***डॉ. अनुभव माथुर***

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर स्मारक व्याख्यान

अक्टूबर 19 को एमबीकेएम फाउंडेशन ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर मनमोहन स्वरूप माथुर स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया। इस स्मारक व्याख्यान का उद्देश्य लोगों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को समझने में मदद करना और समाज पर इसके प्रभाव के बारे में लोगों को जागरूक करना था।

उमर अब्दुल्ला के लिए मुख्यमंत्री पद काँटों का एक ताज

नेशनल कांफ्रेंस के उप प्रधान और फ़ारूक़ अब्दुल्ला के बेटे , उमर अब्दुल्ला जम्मू कश्मीर केंद्रशासित प्रदेश के पहले मुख्य मंत्री तो बन गए है लेकिन उनकी उप राज्यपाल, मनोज सिन्हा के साथ प्रशासन चलने पर खटपट चलतीं रहेगी । कारण यह होगा कि इससे पहले वह पांच जनवरी २००९ में छह साल के लिए मुख्य मंत्री पहली बार बने थे और उनके पास फुल पावर थी । लेकिन इस बार उमर पांच साल के लिए मुख्य मंत्री रहेंगे। उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस को काफी वोट बैंक कश्मीर घाटी के साथ साथ जम्मू में भी मिला है । पंद्रह साल पहले बने मुख्यमंत्री और अब के मुख्यमंत्री में ज़मीन और आसमान का फर्क रहेगा . उमर अब्दुल्ला के सिर पर इस बार काँटों का ताज है. साथ में काफी चुनौतियां भी है। - ***अश्विनी कुमार***

गधा आदरणीय है क्योकि गधेपन की है भरमार

इस देश मे गधों की कमी नहीं है बल्कि गधों की भरमार है। इसी लिए गधापन सर्वव्यापी है। आप को कदम कदम पर गधापन मिलेगा। ऐसा गधापन की आप अपना गधापन भूल जाएंगे। जिधर भी जाएंगे गधापन नजर आएगा। हर क्षेत्र में गधेपन की लक्ष्मण रेखा खिंची हुई है।

आपको पढ़ने और समझने की गलती न हो ,इसलिए प्रारम्भ में ही यह साफ कर देना चाहता हूँ कि मै किसी गधे को प्रणाम नही कर रहा हूँ। गधे को तो मैं पूज्य और आदरणीय प्राणी मानता हूँ लेकिन गधेपन के सख्त खिलाफ हूँ। इसके बावजूद मैं गधेपन को प्रणाम करना अपना कर्तव्य और दायित्व मानता हूँ। इसलिए नहीं कि इंसानों की दो टांगो की तुलना में उसकी चार टांगे हैं और वह इंसानों से श्रेष्ठ प्राणी है,बल्कि अपनी दो अतिरिक्त टांगों से इंसानों को टंगड़ी या दुलत्ती मार कर गिरा भी सकता है। ये दो टांगे उसे लोकतंत्र ने प्रदान की है। - ***अनूप श्रीवास्तव***

महाराष्ट्र चुनाव परिणाम: क्या ईवीएम पर शक जायज़ है?

पिछले दिनों हरियाणा विधानसभा चुनाव परिणामों की तरह ही महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आश्चर्यजनक रहे। भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों को इस अभूतपूर्व विजय की बिल्कुल उम्मीद नहीं थी। यहां तक कि भाजपा समर्थक मीडिया और एग्जिट पोल भी महायुति और महाअघाड़ी के बीच कड़ी टक्कर की संभावना जता रहे थे। चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस, शरद पवार की नेशनल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की शिवसेना को मिलता भारी जनसमर्थन भी इस बात की ओर इशारा कर रहा था कि महाविकास अघाड़ी या तो जीत सकती है या कड़ी टक्कर दे सकती है।

लोकसभा चुनाव में मात्र 150 दिन पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली इंडिया एलायंस को भारी सफलता मिली थी, जिससे यह धारणा बनी थी कि महाअघाड़ी विधानसभा चुनाव में भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। लेकिन परिणाम इसके बिल्कुल विपरीत रहे। सवाल यह है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मिला समर्थन विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की जीत में कैसे बदल गया?

चर्चा हो रही है कि भाजपा सरकार की नीतियों, जैसे *लाडली बहना योजना* और महिलाओं के खातों में सीधे धनराशि का हस्तांतरण, ने इस परिणाम को प्रभावित किया। हालांकि, भाजपा और उसके सहयोगी दल भी इन नतीजों पर पूरी तरह विश्वास नहीं कर पा रहे हैं।

चुनाव हमारे लोकतांत्रिक ढांचे का आधार हैं। यह स्वाभाविक है कि सरकारें बदलती रहेंगी और सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहेगा। लेकिन इस चुनाव के संदर्भ में बड़ा सवाल चुनाव आयोग की निष्पक्षता का है। चुनाव आयोग पर किसी भी प्रकार का संदेह या लांछन लगना देश के लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यह स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।

क्या ईवीएम मशीनें छेड़छाड़ के लिए संवेदनशील हैं? तकनीकी विशेषज्ञ ही इसका स्पष्ट उत्तर दे सकते हैं। लेकिन यह सुनिश्चित करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि उसकी निष्पक्षता पर किसी प्रकार का सवाल न उठे। इसके लिए चुनाव आयोग को पूरी चुनाव प्रक्रिया में विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवी वर्ग को शामिल करना होगा। यदि समाज के विभिन्न वर्ग चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनेंगे और यह समझेंगे कि प्रक्रिया निष्पक्ष है, तो वे जनता के बीच इस विश्वास को मजबूत करेंगे।

भारत का लोकतंत्र विश्व में एक मिसाल है। इतनी बड़ी संख्या में मतदाताओं का वोट देना हमारे लिए गर्व की बात है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि चुनाव प्रक्रिया पर किसी भी प्रकार का संदेह न हो।

चुनाव प्रक्रिया में जनता, विशेषकर युवाओं का विश्वास होना अत्यंत आवश्यक है। यह विश्वास तभी आएगा जब उन्हें लगेगा कि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी हैं। इसके लिए चुनाव आयोग, सरकार और न्यायपालिका को मिलकर काम करना होगा।

चुनाव केवल दो दलों या व्यक्तियों के बीच संघर्ष नहीं हैं। यह प्रत्येक नागरिक को प्रभावित करता है। इसीलिए समाज के सभी वर्गों, विशेषकर बौद्धिक वर्ग, को निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में भूमिका निभानी चाहिए। यही हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा और भारत को विश्व में गौरव दिलाएगा।

~ प्रो प्रदीप माथुर

स्वतंत्रता संग्राम के स्तंभ: पटेल और नेहरू का अटूट रिश्ता

महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत के पहले उपप्रधानमंत्री, और ब्रिटिश राज के भारत के राज्यों और रियासतों को एकजुट कर देश को नई पहचान देने वाले नेता सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर मीडिया मैप उनको उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। सरदार पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। महात्मा गांधी के वे घनिष्ठ सहयोगी और प्रशंसक थे, साथ ही एक कुशल प्रशासक भी।

यह दुःखद है कि आज राजनीति के कुछ निहित स्वार्थ द्वारा उन्हें एक अनावश्यक विवाद का हिस्सा बनाया जा रहा है। यह दावा किया जाता है कि पंडित नेहरू ने उनके साथ अन्याय किया और दोनों के बीच प्रतिस्पर्धा या मतभेद थे। यह धारणा निराधार है।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम विभिन्न विचारधाराओं के लोगों का सामूहिक प्रयास था। इसमें पारंपरिक सोच रखने वाले भी थे और आधुनिक, प्रगतिशील विचारधारा वाले भी। स्वाभाविक था कि इतने विविध दृष्टिकोणों के बीच मतभेद होते। सरदार पटेल और पंडित नेहरू के बीच भी मतभेद थे, लेकिन इनसे उनके आपसी सम्मान और आदर पर कोई असर नहीं पड़ा। दोनों नेता महात्मा गांधी के प्रिय थे और उनके मार्गदर्शन में काम करते थे।

महात्मा गांधी की हत्या के समय सरदार पटेल गृह मंत्री थे। इस घटना ने पूरे देश को शोक में डाल दिया। सरदार पटेल ने खुद को दोषी महसूस किया क्योंकि वे गांधीजी की रक्षा नहीं कर सके। उन्होंने प्रधानमंत्री पंडित नेहरू को अपना इस्तीफा सौंपने की पेशकश की। नेहरू ने इसे अस्वीकार करते हुए कहा कि यह सबकी सामूहिक विफलता थी, और उन्होंने सरदार पटेल से अपने कर्तव्यों पर डटे रहने का आग्रह किया।

पटेल और नेहरू के बीच आपसी आदर का संबंध था। सरदार पटेल ने नेहरू को हमेशा अपना छोटा भाई माना। एक बार जब गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ, तो दूसरे दिन भारी भीड़ उमड़ी। सरदार पटेल ने हंसते हुए कहा, "आज लोग यहां जवाहरलाल नेहरू को देखने आए हैं।" यह उनकी लोकप्रियता को लेकर पटेल की सहज स्वीकृति थी।

जब नेहरू को प्रधानमंत्री बनाने का प्रस्ताव आया, तो पटेल ने इसका समर्थन किया। उम्र में बड़े और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के कारण, पटेल को यह एहसास था कि नेहरू देश को लंबे समय तक नेतृत्व देने के लिए बेहतर विकल्प हैं।

आज कुछ लोग सरदार पटेल की विरासत का इस्तेमाल करके नेहरू के प्रति नकारात्मक धारणा बनाने की कोशिश करते हैं। यह अनुचित और गलत है। पटेल और नेहरू दोनों स्वतंत्रता संग्राम के दो मजबूत स्तंभ थे। दोनों ने मिलकर भारत को दिशा दी।

सरदार पटेल जैसे महान नेता को किसी भी तरह के राजनीतिक विवाद का केंद्र बनाना उनके योगदान का अपमान है। आज सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर हम यह समझे कि सरदार पटेल जैसा महान नेता किसी भी व्यक्तिगत विवाद किसी भी तरह की प्रतिस्पर्धा अरु आपसी लड़ाई झगडे से बहुत ऊपर था। सरदार पटेल को किसी भी तरह से एक राजनैतिक विवाद का या उठापटक का मुद्दा नहीं बनाना चाहिए।

****

सबसे गलत समझा जाने वाला राजनीतिक नेता

चौधरी चरण सिंह, भारतीय राजनीति के एक ऐसे नेता थे, जिन्हें अक्सर गलत समझा गया। उन्होंने एक बार कहा था, "राजनीति केवल शहरी अभिजात्य वर्ग का खेल नहीं है," जो उनके विचारों की गहराई को दर्शाता है। वे एक ऐसे नेता थे, जो अपने समय के अन्य नेताओं से अलग थे। चरण सिंह को एक ऐसे नेता के रूप में देखा गया, जो सच्चाई के लिए खड़ा होता था, लेकिन उन्हें एक कठिन राजनीतिक माहौल का सामना करना पड़ा, जिसमें बड़े व्यवसायों के हितों का दबदबा था।

चरण सिंह का पहला टकराव भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ हुआ, जब उन्होंने सहकारी खेती के मुद्दे पर अपनी राय रखी। यह टकराव 1959 में नागपुर में कांग्रेस सत्र के दौरान खुलकर सामने आया। नेहरू ने चरण सिंह की राय को तो सुना, लेकिन उनके विरोध को सहन नहीं किया। इस टकराव ने चरण सिंह को यूपी की कांग्रेस सरकार से इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया।

चरण सिंह ने हमेशा किसानों और ग्रामीणों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि "राजनीति का केंद्र बिंदु गरीबों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए।" उनका मानना था कि भ्रष्टाचार की शुरुआत शीर्ष से होती है और इसे समाप्त करने के लिए शीर्ष स्तर से शुरुआत करनी चाहिए। यह विचार उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण था, लेकिन यह उन्हें कई शक्तिशाली लोगों के खिलाफ खड़ा कर देता था।

जब चरण सिंह ने जनता पार्टी की सरकार में गृह मंत्री का पद संभाला, तो उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त अभियान चलाया। लेकिन, यह अभियान उन्हें सत्ता में बैठे भ्रष्ट नेताओं और व्यवसायियों के खिलाफ खड़ा कर देता था। उनके इस प्रयास के कारण उन्हें अंततः गृह मंत्री के पद से हटा दिया गया।

चरण सिंह की छवि को मीडिया द्वारा भी नुकसान पहुंचाया गया। उन्हें "एंटी-हरिजन" और "प्रो-कुलक" जैसे लेबल से नवाजा गया, जबकि उन्होंने हमेशा हरिजनों के उत्थान के लिए काम किया। यह उनके लिए एक दुखद स्थिति थी, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन में हरिजनों के लिए कई कार्य किए थे।

उनकी राजनीतिक यात्रा में, चरण सिंह ने हमेशा अपने सिद्धांतों के प्रति निष्ठा बनाए रखी। उन्होंने कहा, "राजनीति का खेल केवल सफलताओं के चारों ओर नहीं घूमना चाहिए, बल्कि यह समाज के सबसे कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए होना चाहिए।"

चरण सिंह का जीवन और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि राजनीति में सच्चाई और नैतिकता की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने अपने सिद्धांतों के लिए संघर्ष किया, लेकिन उन्हें हमेशा गलत समझा गया। उनकी कहानी हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपने नेताओं को सही तरीके से समझते हैं या नहीं।

चरण सिंह का योगदान भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण है, और उनकी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने अपने समय की राजनीतिक चुनौतियों का सामना किया और हमेशा सच्चाई के लिए खड़े रहे। उनकी विरासत हमें यह याद दिलाती है कि राजनीति में नैतिकता और सच्चाई की आवश्यकता है।

****

मतभेद नहीं, मनभेद से बचना: वाजपेयी जी की राजनीति का मंत्र

वर्ष के अंतिम माह में भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक और देश के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी जन्मदिन आता है। अटल बिहारी वाजपेयी अपनी तरह के एक अनूठे नेता थे जिनका सहज और सरल व्यक्तित्व उनके विरोधियो को भी उनका मित्र बनाता था। सही मामलों में अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे। कविहृदय अटल बिहारी वाजपेयी का एक खास तरह का आकर्षक व्यक्तित्व था। उनका कभी किसी से मन मुटाव या विरोध नहीं हुआ और शायद उन्होंने ही नारा दिया था कि राजनीति में मतभेद होना चाहिए लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए।



अटल बिहारी वाजपेयी का भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं था। और भी किसी क्षेत्र में भी उनका कोई और विशिस्ट योगिता नहीं थी। एक सामान्य विद्यार्थी होने के बाद उन्होंने एक स्वमसेवक के रूप में आरएसएस में प्रवेश किया। लेकिन अपनी संगठन क्शमता ' सहज स्वावभ ' लगन और जमीनी हकीकत को समझने के अपने गुणों के कारण उन्होंने संगघ में बहुत तेज़ी से अपना बहुत बड़ा स्थान बना लिया।

पत्रकारों से उनके संबंध सदैव बहुत अच्छे रहे । वह उनसे एक बड़े नेट आना होकर बिल्कुल बराबरी के साथ मिलते थे। भारतीय जनता पार्टी के हिंदूवादी चरित्र के बावजूद अटल बिहारी वाजपेयी के तमाम मुस्लिम मित्र और प्रशंसक थे। लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी जब चुनाव लड़ते थे तो उनको सबसे ज्यादा सगठित वोट लखनऊ के शिया मुसलमानों के मिलते थे ।ब्राह्मण परिवार के बाद और एक पारंपरिक जीवन शैली के बावजूद अटल बरी वाजपेयी को मांसाहारी भोजन बहुत पसंद था।भाजपा संघ के सदस्य ये ना देखें इसलिए वाजपेयी जी चुपचाप इस तरह का भोजन और शायद इसके साथ मदिरापान भी करते थे। लेकिन इन सब बातो का पता होने के बावजूद भी कभी भी उनकी लोकप्रियता में कोई कमी नहीं आई। कांग्रेस से सैद्धांतिक विरोध के बावजूद भी अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के प्रशंसक थे । जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद जो उन्होंने उनकी राष्ट्र लोकसभा में उनकी नेहरू जी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि सुनने के बाद आज भी अपने आंसुओं को रोकना मुश्किल हो जाता है।

दुख की बात है कि आज भाजपा उन लोग के हाथ में है जो ना सिर्फ कांग्रेस, जवाहर लाल नेहरू, महात्मा गाँधी का विरोध करते हैं बल्कि स्वतंत्र संग्राम पर भी प्रश्न चिन्ह लगते हैं। यह लोग भाजपा के संस्थापक और भाजपा के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की भी अवमानना करते हैं। यह कहना कि आजादी के 70 वर्षों में कोई काम नहीं हुआ, वह काम तभी हुआ जब 1914 में नरेंद्र मोदी सरकार में आए इस बात को भुला देता है कि 70 वर्षों में छह वर्ष अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे और उनके शासनकाल में काफी बड़े काम हुए। देश में जो सड़कों का जो जाल बिछा, इसका पूरा काम अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुआ। साथ ही साथ पाकिस्तान से संबंध सुधारने में भी अटल बिहारी वाजपेयी की भाजपा सरकार का बहुत बड़ा योगदान था।

अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए आवश्यक है कि हम उनके सरल, सहज और विनर्म व्यक्तित्व को समझे एवं प्रधानमंत्री के रूप में उनके उनके योगदान को ना नाकारे ।

****

क्या वास्तव में चन्द्रचूड़ मोदी समर्थक थे ?

डॉ. सलीम खान

महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन की अभूतपूर्व विजय ने सभी को चौंका दिया। कुछ लोग इस विजय का विश्लेषण करते हुए यह कह रहे हैं कि इसकी पृष्ठभूमि मुख्य न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़ के उस फैसले में छिपी है, जो उन्होंने हाल ही में सुनाया था।

जब गणेश पूजा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अचानक चन्द्रचूड़ के घर पहुंचे और यह खबर चारों ओर फैल गई, तो चर्चा शुरू हो गई कि दोनों के बीच कोई डील हो गई है। ऐसा कहा जा रहा था कि चन्द्रचूड़ को सेवा निवृत्ति के बाद कोई महत्वपूर्ण सरकारी पद मिलेगा। लेकिन क्या वास्तव में न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ ने अपने पद की गरिमा से समझौता किया था? उनके सेवाकाल के अंतिम सप्ताह में लिए गए फैसले से ऐसा बिल्कुल नहीं लगता।

चीफ जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ के

> **न्याय और गरिमा का संगम"**
> मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ ने अपने सेवाकाल के अंतिम दिनों में न केवल अपनी गरिमा बनाए रखी, बल्कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों का भी दृढ़ता से संरक्षण किया।

अंतिम हफ्ते में मामलों की सूची चौंकाने वाली थी। उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री के साथ आरती की, बल्कि बाबरी मस्जिद के फैसले को राम भरोसे छोड़ने की स्वीकृति भी दी। इसलिए यह लगा कि वे जाते-जाते न केवल मदरसा एक्ट को असंवैधानिक करार देंगे, बल्कि अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक चरित्र को भी समाप्त कर देंगे। ऐसा करने से उनके लिए राष्ट्रपति पद या किसी राज्य का गवर्नर बनने का रास्ता साफ हो जाता। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

चन्द्रचूड़ ने मदरसा एक्ट के बाद अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक चरित्र को भी सुरक्षित रखा। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी दमन के खिलाफ 25 लाख रुपये के मुआवजे का फैसला सुनाकर सरकारी दबंगई पर भी प्रहार किया। यदि प्रधानमंत्री को यह अंदाजा होता कि वे जाते-जाते यह सब करने वाले हैं, तो शायद वे गणपति की आरती के लिए किसी और का दरवाजा खटखटाते।

जस्टिस चन्द्रचूड़ ने अपने अंतिम हफ्ते में न केवल अपनी व्यक्तिगत गरिमा को बनाए रखा, बल्कि न्यायपालिका की भी लाज रखी।

सुप्रीम कोर्ट ने चीफ जस्टिस के अंतिम दिन 4-3 के बहुमत से अजीज बाशा केस में 1967 के अपने ही फैसले को रद्द कर दिया। इस फैसले में मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक चरित्र को निरस्त कर दिया गया था। अब सर्वोच्च न्यायालय ने हालिया फैसले में निर्देश दिया है कि किसी शिक्षण संस्थान का अल्पसंख्यक दर्जा केवल इस आधार पर नहीं निरस्त किया जाएगा कि संसद ने उसके नियंत्रण के लिए कोई कानून बनाया है।

> **"ए.एम.यू. को न्याय"**
> सुप्रीम कोर्ट ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के अल्पसंख्यक दर्जे को बहाल कर एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जिससे न्यायपालिका की निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों की जीत हुई।

इस तरह, अजीज बाशा मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व पक्ष और तर्क दोनों को गलत ठहराते हुए मुस्लिम यूनिवर्सिटी का अल्पसंख्यक दर्जा बहाल कर दिया गया।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा ने इस फैसले के खिलाफ एक तकनीकी बिंदु उठाया। उन्होंने कहा कि 1981 में दो जजों की बेंच द्वारा केस को सात जजों की बेंच में भेजना कानून के अनुसार गलत था। चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़ ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि धारा 30 का क्रियान्वयन उन सभी संस्थाओं पर समान रूप से होता है जो भारतीय संविधान के लागू होने से पहले स्थापित हुई हों या लागू होने के बाद अस्तित्व में आई हों।

सुप्रीम कोर्ट ने अल्पसंख्यक चरित्र की रक्षा के लिए उसकी पूरी प्रबंधन में होने की शर्त भी समाप्त कर दी। इसका मतलब यह है कि सरकार अल्पसंख्यक संस्थाओं को चलाने के लिए संसाधन उपलब्ध कराने से इनकार नहीं कर सकती।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (ए.एम.यू.) की स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। यह सर सैयद अहमद खान के सपनों का परिणाम है। 1857 की पहली जंगे-आज़ादी ने सैयद अहमद की जिंदगी को बदल दिया। उन्होंने मुसलमानों को अंग्रेजी भाषा और आधुनिक शिक्षा में दक्षता प्राप्त करने की आवश्यकता को समझा और इस उद्देश्य के लिए यह शिक्षण संस्थान स्थापित किया।

सर सैयद ने 1875 में अलीगढ़ में 'मदरसतुल-उलूम मुसलमानाने-हिन्द' की स्थापना की। उनका उद्देश्य इस्लामी मूल्यों को बनाए रखते हुए ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली के अनुसार कॉलेज स्थापित करना था। यह कॉलेज प्राचीन और आधुनिक शिक्षा का एक सुंदर संगम था। उन्होंने पश्चिमी शिक्षा की आवश्यकता को समझा, लेकिन पूर्वी शिक्षा की भी अनदेखी नहीं की। सर सैयद का लक्ष्य केवल अलीगढ़ में एक कॉलेज की स्थापना तक सीमित नहीं था, बल्कि पूरे देश में मुसलमानों के लिए शिक्षण संस्थानों का नेटवर्क फैलाना था।

इस उद्देश्य के लिए उन्होंने ऑल इंडिया मुस्लिम एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत की, जो भारत में अपनी तरह का पहला मुस्लिम एनजीओ था। इसने मुसलमानों में सामाजिक और राजनीतिक जागरूकता पैदा करने का कार्य किया।

हालांकि, यह गलतफहमी फैलाई गई कि 1920 में अंग्रेजी सरकार द्वारा शाही कानून के आधार पर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (ए.एम.यू.) एक्ट मंजूर होने के बाद ही ए.एम.यू. की स्थापना हुई। वास्तव में, 1877 में मुहम्मडन ऐंगलो ओरिएंटल कॉलेज की स्थापना ही ए.एम.यू. की नींव बनी।

इसके बाद, ए.एम.यू. (संशोधन) एक्ट 1951 और ए.एम.यू. (संशोधन) एक्ट 1965 के द्वारा और परिवर्तन किए गए, लेकिन मूल रूप से ये सब मुहम्मडन ऐंगलो ओरिएंटल कॉलेज के आगे की प्रक्रिया ही थी। 1967 में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने ए.एम.यू. के केंद्रीय विश्वविद्यालय होने के कारण इससे अल्पसंख्यक चरित्र छीन लिया।

1981 में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की पीठ ने इस फैसले पर सवाल उठाया और इसे सात जजों की बड़ी बेंच के पास भेज दिया। इसी साल, संसद ने ए.एम.यू. (संशोधन) एक्ट 1981 मंजूर करके यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक का दर्जा दे दिया।

> **"चन्द्रचूड़ का ऐतिहासिक फैसला"**
> जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ ने जाते-जाते इतिहास रचते हुए ए.एम.यू. के अल्पसंख्यक चरित्र को सुरक्षित किया और अल्पसंख्यक संस्थानों के अधिकारों को नई मजबूती दी।

2006 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के कानून में ए.एम.यू. को अल्पसंख्यक दर्जा देने वाली उपधारा समाप्त कर दी। इस मामले में एक ओर सरकार थी और दूसरी ओर अदालत। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी थी कि वह अपने कानून का बचाव करे, लेकिन चूंकि मुसलमानों से मोदी सरकार को बैर था, मामला उलट गया। 2016 में भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह मनमोहन सिंह सरकार की ओर से हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की गई अपील को वापस लेना चाहती है। फरवरी 2019 में सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ ने इस मामले को सात जजों की संवैधानिक पीठ के पास भेज दिया।

इस तरह, 9 जनवरी, 2024 को चीफ जस्टिस डीवाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 7 जजों की बेंच ने ए.एम.यू. की अल्पसंख्यक हैसियत की महत्वपूर्ण समस्या पर तर्कों की सुनवाई शुरू की। 1 फरवरी 2024 को इस मामले पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया।

यह फैसला 7 महीने तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा, और जस्टिस चन्द्रचूड़ इसे अपने काम के अंतिम दिन उलट सकते थे। लेकिन उन्होंने 1967 के उस फैसले को पलट दिया जिसने ए.एम.यू. की अल्पसंख्यक हैसियत को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था।

अब जो निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने तय किए हैं, उनकी रोशनी में जब तीन जजों की बेंच ए.एम.यू. की अल्पसंख्यक हैसियत को स्वीकार करेगी, तो वहाँ अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए सीटें सुरक्षित करने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इसके बाद मुसलमानों के अति प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान की स्वायत्तता भी बहाल हो जाएगी!

****

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

वैश्विक स्तर पर सोने की होड़ एक असुरक्षा की प्रवृत्ति का संकेत

प्रो शिवाजी सरकार

राष्ट्रीय संपदा की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत ने इंग्लैंड की तिजोरियों से 214 टन सोना वापस लाया है, जो बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आसन्न प्रतिबंधों को लेकर बढ़ती चिंता का संकेत है। यह बदलाव एक व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जिसमें वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंक अपनी सोने की खरीद बढ़ा रहे हैं।

अकेले मई में ही भारत ने बैंक ऑफ इंग्लैंड से 100 टन सोना वापस मंगाया, जिससे वैश्विक अनिश्चितता के बीच परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने की रणनीति को बल मिला। अब, जब वैश्विक सोने की कीमतें संभावित 3,000 डॉलर प्रति औंस की ओर बढ़ रही हैं, तो दुनिया इस पर करीब से नज़र रख रही है, और भारत इन अस्थिर समय में कीमती धातुओं को सुरक्षित रखने की दौड़ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है।

भारत सरकार ने वैश्विक भू-राजनीतिक अशांति के मद्देनजर अपनी संपत्तियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। मई में बैंक ऑफ इंग्लैंड से करीब 100 टन सोना वापस किया गया। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) और बैंक ऑफ इंग्लैंड की हिरासत में कुल 324.01 मीट्रिक टन सोना रखा गया था, जबकि 510.46 मीट्रिक टन सोना घरेलू स्तर पर रखा गया था। इसके अलावा, 20.26 मीट्रिक टन सोना जमा के रूप में संग्रहीत किया गया था।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, विश्व बाजार में सोने का मूल्य 3000 डॉलर प्रति औंस तक बढ़ने का अनुमान है।

दिवाली 2024 के बाजार की चमक कई कारणों से फीकी नजर आ रही है, बावजूद इसके कि पटाखों की बिक्री नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के प्रतिबंध से पहले के अस्पष्ट युगों में वापस चली गई है। पारंपरिक सोने की बिक्री पिछले वर्षों के उच्च स्तर को नहीं छू सकी क्योंकि धातु की कीमत पिछले साल की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत अधिक, लगभग 78,430 रुपये थी। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार, "चांदी की बिक्री में 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि सोने की मात्रा में 15% की गिरावट आई।" कहा जाता है कि बाजार में 2015 या 2019 की तरह ही चहल-पहल है, जो मंदी के साल थे।

> भारत ने इंग्लैंड की तिजोरियों से 214 टन सोना वापस लाकर अपनी राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यह कदम बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आर्थिक संकटों के बीच आया है। मई में 100 टन सोने की वापसी के बाद, भारत वैश्विक सोने की दौड़ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है, क्योंकि सोने की कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही हैं।

"विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर 43वीं अर्धवार्षिक रिपोर्ट: अप्रैल-सितंबर 2024" शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में आरबीआई ने कहा कि उसके पास घरेलू और विदेशी भंडार सुविधाओं में कुल 854.73 मीट्रिक टन सोना है। आरबीआई अपने विदेशी मुद्रा भंडार में विविधता लाने और बाहरी जोखिमों से बचाव के लिए सोना खरीद रहा है। 2024 में आरबीआई ने अपने भंडार में 54.7 टन सोना जोड़ा, जो पिछले तीन सालों में सबसे अधिक अधिग्रहण है।

यूक्रेन युद्ध के बाद, 300 बिलियन डॉलर की रूसी मुद्रा और अन्य संपत्तियां, जिन्हें अमेरिकी डॉलर, यूरो और स्टर्लिंग पाउंड में रिजर्व के रूप में रखा गया था, अमेरिका और जी 7 देशों द्वारा जब्त कर ली गईं। इन संपत्तियों का इस्तेमाल यूक्रेन को हथियार और अन्य आपूर्ति के लिए धन जुटाने के लिए किया जा रहा है।

भारत ने तब से रूसी कच्चे तेल की खरीद के सौदों में भी सावधानी बरती है। कनाडा के साथ हाल ही में हुए विवाद और लेबनान और ईरान में अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध की तीव्रता ने सतर्कता को और बढ़ा दिया है। इसने आरबीआई को सोना वापस लाने के लिए मजबूर किया, जो डॉलर के बजाय सोने के रूप में भुगतान के लिए सोना खरीद रहा है और इसे विदेश में जमा कर रहा है। आरबीआई तिजोरी किराए के रूप में भी बड़ी रकम बचाता है।

दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता में मजबूत मांग वैश्विक

कीमतों को और बढ़ा सकती है, जो पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई थी। सोने के आयात की बढ़ती मांग भारत के व्यापार घाटे को भी बढ़ा सकती है और रुपये पर दबाव डाल सकती है। हां, भारत की सोने की खरीद ने वैश्विक सोने की कीमतों में वृद्धि में योगदान दिया है।

विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) ने बुधवार को कहा कि 2024 में भारत की सोने की मांग चार साल के निचले स्तर पर आ सकती है, क्योंकि कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से त्योहारी सीजन के दौरान खरीदारी कम हो सकती है।

WGC के भारतीय परिचालन के सीईओ सचिन जैन के अनुसार, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता देश में सोने की मांग 2024 में लगभग 700 और 750 मीट्रिक टन रह सकती है, जो 2020 के बाद सबसे कम है और पिछले साल के 761 टन से कम है। इस धनतेरस पर भारत में सोने की बिक्री पिछले साल के 42 टन से घटकर 35 टन रह गई।

इस साल सोना कई बार अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय बैंकों द्वारा सोने की छड़ों की बड़ी खरीद ने 2022 से दर और मूल्य स्तरों के बीच के संबंध को फिर से स्थापित कर दिया है। गोल्डमैन सैक्स रिसर्च का अनुमान है कि 100 टन की भौतिक मांग सोने की कीमतों में कम से कम 2.4 प्रतिशत की वृद्धि करती है।

क्रेडिट कार्ड का उपयोग भी नई ऊंचाइयों पर पहुंच गया, सितंबर में कार्ड से खर्च 80,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 57 प्रतिशत की वृद्धि है।

खुदरा दुकानों में परेशानी है क्योंकि बहुत से लोग ऑनलाइन शॉपिंग की ओर रुख कर रहे हैं, इसलिए ग्राहकों की संख्या कम हो गई है। अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों ने दिवाली सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें फ्लिपकार्ट ने अक्टूबर की शुरुआती बिक्री के दौरान 64 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ बढ़त हासिल की है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से बिक्री में साल दर साल 23 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसमें 32,000 करोड़ रुपये के सामान की बिक्री हुई।

ज़्यादातर लोग बीएनपीएल या बाय नाउ पे लेटर वाले ग्राहक हैं या क्रेडिट कार्ड की मदद से किश्तों में भुगतान कर रहे हैं, जो लोगों के बीच नकदी की कमी को दर्शाता है। यह प्रवृत्ति विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों के नए खरीदारों के बीच स्पष्ट थी।

> 2024 में भारत में सोने की मांग में गिरावट का अनुमान है, खासकर उच्च कीमतों के कारण। दिवाली सीज़न में सोने की बिक्री कम हुई, जबकि चांदी की बिक्री में वृद्धि देखी गई। इस बीच, ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्मों पर बिक्री में 23% का उछाल आया है, जिससे दिखता है कि उपभोक्ता अपने खर्चों को किश्तों में बांटने के लिए क्रेडिट कार्ड और BNPL का अधिक इस्तेमाल कर रहे हैं।

साल के ज़्यादातर समय कारों की बिक्री में गिरावट देखने को मिली है, लेकिन दशहरा और दिवाली के त्यौहारी सीज़न के दौरान इसमें मामूली तेज़ी देखने को मिली है। सितंबर में मारुति का मुनाफ़ा 18 प्रतिशत घटकर 3102 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले यह 3762 करोड़ रुपये था। मारुति के सीईओ आरसी भार्गव कहते हैं कि "किफ़ायती होना चिंता का विषय है"। 10 लाख रुपये से कम कीमत वाली कारों की मांग बनी हुई है। फेडरेशन ऑफ़ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन का कहना है कि छोटी कारों का स्टॉक 80-85 दिनों के "ऐतिहासिक उच्च" स्तर पर पहुँच गया है, जिसके चलते डीलरों के पास 790,000 वाहनों का स्टॉक रह गया है, जिसकी कीमत 800 अरब रुपये है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने दावा किया कि ऊंची मुद्रास्फीति के बावजूद भारतीय उपभोक्ताओं ने इस दिवाली सीजन में अपनी जेबें खोल दीं, जिससे त्योहार से संबंधित खर्च करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये हो गया। उन्होंने कहा कि अकेले दिल्ली में 25,000 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिसमें एफएमसीजी सामान, उपभोक्ता टिकाऊ सामान और घर की सजावट के लिए मिट्टी के दीये और इलेक्ट्रॉनिक सामान, पारंपरिक और आधुनिक उत्पाद शामिल हैं।

20,000 रुपये से कम कीमत वाले मोबाइल फोन की बिक्री में तेज़ी देखी गई। इस सीजन में मोबाइल फोन सबसे ज़्यादा बिकने वाले फोन में से रहे, औसत बिक्री मूल्य में 12-15 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो आंशिक रूप से डिवाइस की उपलब्धता में कमी के कारण हुआ। इस कमी के कारण उपभोक्ताओं ने जो भी स्टॉक उपलब्ध था, उसे खरीद लिया, जिससे बिकने वाले फोन की औसत कीमत बढ़ गई।

वैश्विक स्तर पर अस्थिर युद्ध जैसी स्थिति के बीच सोने और कमोडिटी की बढ़ती कीमतें, रुपए के मूल्य में गिरावट, आय और विनिर्माण में कमी चिंता का विषय हैं।

****

लेखक : वरिष्ठ पत्रकार एवं मीडिया गुरु हैं।

ऊर्जा परिवर्तन और एक अच्छे भविष्य का मार्ग

राजीव माथुर

"ऊर्जा संक्रमण" शब्द का अर्थ ऊर्जा के उत्पादन, वितरण और उपभोग के तरीके में एक मौलिक परिवर्तन है। वर्तमान में, वैश्विक ऊर्जा प्रणाली जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संधारणीय ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रही है। यह बदलाव, जिसे अक्सर "नवीकरणीय ऊर्जा संक्रमण" कहा जाता है, मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और

ऊर्जा परिवर्तन: एक आवश्यक कदम

ऊर्जा परिवर्तन का मतलब है ऊर्जा उत्पादन, वितरण और उपभोग के तरीके में मौलिक बदलाव। वर्तमान में, नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ना जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जीवाश्म ईंधन की जगह ले रहा है।

एक संधारणीय भविष्य बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बदलने पर केंद्रित है।

ऐतिहासिक रूप से, औद्योगिक क्रांति के दौरान एक उल्लेखनीय ऊर्जा परिवर्तन हुआ, जब कोयले ने लकड़ी और बायोमास की जगह ली, उसके बाद तेल और प्राकृतिक गैस ने। आज, वैश्विक ऊर्जा की तीन-चौथाई से अधिक मांग जीवाश्म ईंधन को जलाकर पूरी की जाती है, जो मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्राथमिक योगदानकर्ता है। इस मुद्दे को संबोधित करना 2015 के पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य वैश्विक तापमान को सीमित करना और सदी के मध्य तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करना है।

2010 के दशक के अंत से पवन और सौर ऊर्जा की लागत में तेज़ी से गिरावट के कारण वर्तमान अक्षय ऊर्जा संक्रमण ने गति पकड़ी है। सौर ऊर्जा की लागत में 85%, पवन ऊर्जा में 55% और लिथियम-आयन बैटरी की लागत में 85% की गिरावट आई है, जिससे ये तकनीकें कई क्षेत्रों में नए प्रतिष्ठानों के लिए सबसे किफायती विकल्प बन गई हैं। 2021 में, दुनिया भर में नव स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में अक्षय ऊर्जा का योगदान 80% से अधिक था।

नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती क्षमता
सौर और पवन ऊर्जा की लागत में 85% तक की गिरावट ने इन्हें किफायती बना दिया है, जिससे 2021 में दुनिया में नव स्थापित बिजली क्षमता का 80% हिस्सा अक्षय ऊर्जा का था।

ऊर्जा परिवर्तन के प्रमुख चालक

1. डीकार्बोनाइजेशन: इस बदलाव का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके और कम कार्बन वाली बिजली को अपनाकर ऊर्जा प्रणालियों को कार्बन मुक्त करना है। इसके लिए हीटिंग और परिवहन जैसी प्रक्रियाओं को बिजली पर चलाने की आवश्यकता है, जिसे सौर और पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न किया जा सकता है। हीट पंप और इलेक्ट्रिक वाहनों को

अपनाने सहित विद्युतीकरण के प्रयास इस बदलाव के केंद्र में हैं।

2. नवीकरणीय ऊर्जा और भंडारण: पवन और सौर ऊर्जा इस बदलाव की आधारशिला हैं, जिनमें शुद्ध कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने की क्षमता है। हालांकि, उच्च लागत के बावजूद, जैव ऊर्जा, भूतापीय और ज्वारीय ऊर्जा जैसे अन्य स्रोत भी इस मिश्रण का हिस्सा हैं। इन प्रयासों की सफलता ऊर्जा भंडारण समाधानों और सुपर ग्रिड के विकास के माध्यम से विद्युत ग्रिड लचीलेपन में सुधार पर निर्भर करती है।

3. ऊर्जा दक्षता: ऊर्जा दक्षता बढ़ाना इस बदलाव का एक और

> ऊर्जा दक्षता और भंडारण की भूमिका
>
> ऊर्जा परिवर्तन में ऊर्जा दक्षता और भंडारण समाधानों का महत्व है। पवन और सौर ऊर्जा के साथ-साथ ऊर्जा भंडारण तकनीकें विद्युत ग्रिड की लचीलापन में सुधार करने में मदद करती हैं।

महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें ऐसी तकनीकें और अभ्यास अपनाना शामिल है जो ऊर्जा खपत को कम करते हुए उत्पादन को बनाए रखें।

सामाजिक-आर्थिक लाभ और चुनौतियाँ

ऊर्जा परिवर्तन जलवायु परिवर्तन शमन से परे कई लाभ प्रदान करता है।

यह सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है और ऊर्जा की पहुँच बढ़ा सकता है। उदाहरण के लिए, कोयला बिजली संयंत्रों को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बदलने से प्रति मेगावाट स्थापित क्षमता में दोगुने से अधिक रोजगार सृजन हो सकता है। 2050 तक, संक्रमण से 200 मिलियन रोजगार पैदा होने का अनुमान है जबकि 185 मिलियन लोग विस्थापित होंगे, मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन और संबंधित क्षेत्रों में।

हालांकि, यह बदलाव चुनौतियों से रहित नहीं है। शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन की आवश्यकता होगी। 2021 से 2050 तक, ऊर्जा और भूमि-उपयोग प्रणालियों के लिए भौतिक परिसंपत्तियों में अनुमानित $275 ट्रिलियन या $9.2 ट्रिलियन प्रति वर्ष निवेश करने की आवश्यकता होगी। यह खर्च में पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जो वैश्विक कॉर्पोरेट मुनाफे के आधे या कुल कर राजस्व के एक-चौथाई के बराबर है।

इस खर्च को "फ्रंट-लोडेड" होना

> ऊर्जा परिवर्तन के सामाजिक-आर्थिक लाभ
> ऊर्जा संक्रमण से न केवल जलवायु परिवर्तन पर काबू पाया जा सकता है, बल्कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार, रोजगार सृजन और ऊर्जा पहुंच में वृद्धि भी कर सकता है, हालांकि इसके साथ चुनौतियां भी जुड़ी हैं।

चाहिए, जो 2026 और 2030 के बीच वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 8.8% तक बढ़ जाना चाहिए, उसके बाद इसमें कमी आनी चाहिए। हालांकि ये लागतें काफी हैं, लेकिन ये एक टिकाऊ भविष्य में निवेश हैं। तकनीकी प्रगति इन लागतों को अपेक्षा से अधिक तेज़ी से कम कर सकती है, जिससे नवीकरणीय ऊर्जा की कम परिचालन लागत के कारण समय के साथ बिजली की वैश्विक औसत लागत में संभावित रूप से कमी आ सकती है।

क्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय प्रभाव

यह परिवर्तन विभिन्न क्षेत्रों और क्षेत्रों पर असमान रूप से प्रभाव डालेगा। स्टील और सीमेंट जैसे उच्च-उत्सर्जन उद्योगों को उत्पादन लागत

में वृद्धि का सामना करना पड़ेगा, हालांकि कम कार्बन वाले उत्पादों और सेवाओं के लिए बाजार का विस्तार होगा। 2050 तक बिजली की मांग दोगुनी से अधिक होने की उम्मीद है, जिसके लिए बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी।

विकासशील देशों और जीवाश्म ईंधन पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को अनूठी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन साथ ही अवसर भी मिलते हैं। इन देशों को कम कार्बन वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में काफी अधिक निवेश करने की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, वे आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने प्राकृतिक संसाधनों, जैसे सौर ऊर्जा क्षमता और मानव पूंजी का लाभ उठा सकते हैं।

सरकारों और व्यवसायों की भूमिका

ऊर्जा संक्रमण को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए सरकारों, व्यवसायों और वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता होगी। सरकारें प्रोत्साहन स्थापित कर सकती हैं, विनियामक सहायता प्रदान कर सकती हैं और कमजोर हितधारकों की रक्षा कर सकती हैं। व्यवसायों को सामूहिक कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग के साथियों और आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ सहयोग करते हुए अपनी रणनीतियों, वित्त और संचालन में जलवायु संबंधी विचारों को एकीकृत करना चाहिए।

वित्तीय संस्थाएँ उच्च-उत्सर्जन से निम्न-उत्सर्जन परिसंपत्तियों में पूंजी का पुनर्वितरण करके तथा नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों की बड़े पैमाने पर तैनाती का समर्थन करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बहुपक्षीय संस्थाएँ असमान प्रभावों को प्रबंधित करने तथा वैश्विक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए मानक, ट्रैकिंग तंत्र तथा सर्वोत्तम अभ्यास स्थापित करने में सहायता कर सकती हैं।

> सरकारों और व्यवसायों की जिम्मेदारी
> ऊर्जा परिवर्तन को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए सरकारों, व्यवसायों और वित्तीय संस्थानों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। सभी को जलवायु लक्ष्यों की ओर काम करने के लिए रणनीतियों और सहयोग को प्राथमिकता देनी होगी।

देरी के जोखिम

विलंबित या खराब तरीके से प्रबंधित संक्रमण के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण आर्थिक और सामाजिक लागतें हो सकती हैं, जिसमें फंसी हुई संपत्तियां, नौकरी में अव्यवस्था और सार्वजनिक प्रतिक्रिया शामिल हैं। इसके विपरीत, एक व्यवस्थित संक्रमण जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों के खिलाफ विकास, नवाचार और लचीलेपन के अवसर प्रस्तुत करता है।

पेरिस से आध्यात्मिक विज्ञान में डॉक्टरेट प्राप्त डॉ. स्वर्ण गुरु

तर्कसंगत और अंधविश्वास-मुक्त आध्यात्मिकता के समर्थक हैं. उनकी संस्था स्पिरिचुअल सोल्स

मानसिक स्वास्थ्य, नशा, और सामुदायिक विवाद जैसे मुद्दों पर काम कर रही है. समाज सेवा पर केंद्रित यह संस्था सामाजिक बदलाव लाने में अग्रणी है.

सामाजिक समरसता पर जोर
डॉ. विनोद स्वर्ण गुरु ने राष्ट्रीय विकास और सामाजिक सद्भाव के लिए करुणा और समावेशिता को अपनाने का आह्वान किया, जो भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत बनाने का एक अहम कदम है।

एक आदिवासी मां और पिछड़ा वर्ग के पिता के पुत्र के रूप में जन्मे, डॉ. स्वर्ण गुरु का जीवन भारत की विविधता का प्रतीक है. उन्होंने सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं को पार कर अपनी अलग पहचान बनाई. उनके विचार परंपरा और आधुनिकता का संतुलन प्रस्तुत करते हैं.

तेजी से बदलते परिदृश्य में, डॉ. स्वर्ण गुरु का संदेश अहिंसा, करुणा, और समावेशिता को अपनाने की प्रेरणा देता है. उनका मानना है कि विविधता में एकता भारत को शांति और प्रगति के पथ पर ले जाने में सहायक होगी.

डॉ. स्वर्ण गुरु की यह अपील आज के नेताओं और नागरिकों को प्रेरित करती है कि वे एक ऐसे भारत का निर्माण करें जो विभाजन से ऊपर उठे और सामूहिक कल्याण को प्राथमिकता दे. उनका दृष्टिकोण हमारे समय के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक है.

****

लेखक मीडिया मैप के मुख्य प्रबंधक है।

सोशल मीडिया से

समत्व नहीं एकत्व नहीं असमानता और विभिन्नता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है जाति को ढोयेंगे धर्मांतरण होने देंगे, पर कभी समानता के साथ एकता नहीं होने देंगे हम हिंदू हैं हाँ, डी.एन.ए. हमीरा एक है।

****

जीवन है

तो आस है

विश्वास है

कुछ कर गुजरने की

प्यास है।

****

पल जो गुजर गया कभी पकड़ नहीं पाओगे.

आने वाला पल तुम्हारा है गर पकड़ पाओगे.

****

ज्ञान का प्रकाश समस्त पृथ्वी को प्रदुषण रहित वायु और शुद्ध जल की ओर अग्रसर कर पृथ्वी की सृष्टि विनाश से रक्षा करे

****

भुलाना है कहाँ आसान तेरी रुसवाईयां और मेरी तन्हाईयां.

****

~डा. रवीन्द्र कुमार

****

6 दिसंबर : डॉ. भीमराव अंबेडकर पुण्यतिथि

दलित और महिला संघर्ष के लिए नेतृत्व डॉ. अम्बेडकर

प्रशांत गौतम

भारत का इतिहास संघर्ष, बलिदान, और सामाजिक सुधारों की गाथा से भरा पड़ा है। 25 दिसंबर 1927, मनुस्मृति दहन दिवस और 6 दिसंबर 1956, डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि, दोनों ही ऐसे ऐतिहासिक अवसर हैं जो सामाजिक समानता, मानवाधिकार, और न्याय के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता की याद दिलाते हैं।

दिसंबर 25 को पूरा विश्व क्रिसमस मानता है लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि 25 दिसंबर भारत के दलित और महिला वर्ग के लिए बहुत बड़ा ऐतिहासिक दिन है|

इस दिन 97 साल पहले वर्ष 1927 के आधुनिक भारत माता के एक यशस्वी पुत्र और भारत के संविधान के निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने हजारों लोगों के साथ महाराष्ट्र के प्रसिद्ध महाड सत्याग्रह में डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने मनुस्मृति को जलाया था जिसमे दलितों और महिलाओ के साथ पशुओ से भी बुरा व्यहवार करने का प्रावधान किया था |

सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति को जलाना न केवल उच्च वर्ग के ब्राह्मणवाद के प्रति आक्रोश का प्रतीक था बल्कि यह दलित और महिलाओं के आत्म सम्मान को उजागर करने तथा मुक्ति का मार्ग दिखने का एक जरिया था मानवीय शोषण का धार्मिक आधार प्रदान करने वाले ग्रंथ का रूप से

प्रतीकात्मक अंतिम संस्कार की चिता में जला कर किया गया था इसने दलितों के प्रति अपमान उच्च जाति के आधिपत्य और क्रूरता अंत का संकेत भी दिया था|

पाठ को जलाने के लिए 'वेदी' चिता तैयार करने में लगभग छह लोगों की मेहनत लगी थी इसके किनारो पर अस्पृश्यता को नष्ट करो ब्राह्मणवाद को दफन करो मनुस्मृति ची दहन भूमि (मनुस्मृति के लिए शमशान) जैसे नारे वाले बैनर लगाए गए थे|

मनुस्मृति दहन की इस प्रक्रिया को रोकने के लिए जातिवाद हिंदुओं का भारी दबाव था|

डॉ भीमराव अंबेडकर जी मुंबई से विरोधी स्थल तक सड़क मार्ग से नहीं बल्कि नाव से पहुंचे थे क्योंकि उन्हें डर था की उन्हें रस्ते में ही न रोक लिया जाये मनुस्मृति को जलाने से पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने भाषण दिया की उन प्राचीन हिंदू धर्म ग्रंथो को नष्ट करना आवश्यक है जो असमानता और अन्याय को धर्म संगत मानते है|

मनुस्मृति दहन से भारत के हिंदू धर्म के ठेकेदारों को भारी सदमा पहुंचा पर कुछ चुपचाप भारी बदलाव की आहट को सुन रहे थे| भारत में जातिवादी

धार्मिक रूढ़िवादियों पर जो आक्रमण डॉक्टर अंबेडकर जी ने किया था उसे भारत के इतिहास में 25 दिसंबर 1927 का दिन हमेशा याद रखा जाएगा| उस दिन डॉ अंबेडकर जी ने मनुस्मृति को आग के हवाले कर हिंदुओं के सामाजिक ढांचे में बदलाव की मांग की थी महाराष्ट्र के इस सम्मेलन तथा इसमें मनुस्मृति जैसे ग्रंथ को जलने के दूरगामी परिणाम हुए| भारत के इतिहास में दलितों में सामाजिक जागृति के लिहाज से यह एक ऐतिहासिक दिन था|

विशेष बात यह थी कि इस सत्याग्रह में विढोबा महादेव वाडवल जैसे मराठा वृद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भी संक्रियता से शामिल हुए लेकिन ब्राह्मणवादी अखबारों ने इस घटना की निंदा में खूब लिखा| शंकरचार्य भी तिलमिला गए| यही नहीं कुछ दलित नेता भी महाड सत्याग्रह व मनुस्मृति के खिलाफ बोले|

डॉ अंबेडकर के भाषण के बाद मुंबई के गैर ब्राह्मण दल व सत्यशोधक के नेता जेधे व जवलकर ने अपने भाषण में कहा की डॉ अंबेडकर के बराबर ज्ञानी व परायण कर्तव्य नेता दलितों में कोई नहीं है|

वह दलितों के कल्याण के लिए जी जान से प्रयास कर रहे हैं| आपको उनके पीछे चलना है उन्होंने वह उपस्थित दलितों से कहा की आपका भला काल्पनिक ईश्वर नहीं बल्कि डॉ अंबेडकर जी ही कर सकते हैं यह आपके सेनापति हैं इसलिए यह जैसा कहे वैसा ही करना ठीक होगा सम्मेलन में मनुस्मृति जलाएं जाने के बाद डॉ अंबेडकर जी ने कहा, सदियों से हाशिये पर डाल दिए गए अछूत समाज की गरीबी, दरिद्रता पीड़ा व दुर्दशा पर हिंदुओं का ध्यान खींचने के लिए हमने यह महान काम किया|

इस आयोजन के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा:

"ऐसे धर्मग्रंथ जो मानवता को बांटते हैं, उन्हें जलाना कोई पाप नहीं, बल्कि मानवता का सबसे बड़ा धर्म है।"

डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि: प्रेरणा का दिन

6 दिसंबर 1956 को डॉ. अंबेडकर का निधन हुआ, लेकिन उनका संघर्ष और योगदान आज भी समानता और न्याय के प्रतीक हैं, जिन्होंने भारत के संविधान के माध्यम से सामाजिक सुधार की नींव रखी।

डॉ. अंबेडकर जी का विरोध सिर्फ व्यक्तिगत आस्था का मामला नहीं था; यह महिलाओं और दलितों के प्रति मनुस्मृति में लिखी गई अन्यायपूर्ण नीतियों के खिलाफ था। इन सिद्धांतों ने समाज को अमानवीय रूप से विभाजित किया:

मनुस्मृति के दिए गए अन्याय, असम्मानता के हिष्टकोण और शोषण को न्याय सगत बताने वाले कुछ उदाहरण इस प्रकार है|

1. एक लड़की को हमेशा अपने पिता के संरक्षण में रहना चाहिए विवाह पश्चात पति द्वारा उनका संरक्षण होना चाहिए पति के मृत्यु के बाद उसे अपने बच्चों की दया पर निर्भर रहना चाहिए लेकिन किसी भी स्थिति में एक महिला आजाद नहीं हो सकती|

2. जब ब्राह्मण भोजन करे तब उन्हें किसी मुर्गे, कुत्ते, किन्नर, शूद्र या ऐसी महिला जो रजस्वला (पीरियड्स) में हो उनको देखना भी नहीं चाहिए|

3. दलित को घी खाने का कोई हक नहीं है|

4. दलित और महिलाओं को पढ़ने का कोई हक नहीं है|

5. दलित अगर हिंदू ग्रंथ के वेद सुन ले तो उसके कानों में शीशा पिघला कर डाल देने की सजा है यदि शूद्र वेद अपने मुंह से बोलता है तो उसकी जवान काट देने की सजा है|

6. एक विधवा महिला दूसरी बार विवाह नहीं कर सकती लेकिन पुरुष कर सकते हैं|

7. यदि निचली जाति का कोई पुरुष उच्च जाति की महिला के साथ यौन संबंध बनाता है तो संबंधित व्यक्तियों को मौत की सजा दी जाएगी लेकिन उच्च जाति का कोई पुरुष निचली जाति की महिला के साथ यौन संबंध बनाता है तो सिर्फ महिला को मौत की सजा दी जाएगी ब्रह्म पुरुष को कोई सजा नहीं होगी मतलब पुरुष अपने से निचली जाति के साथ संबंध बन सकता है लेकिन अपने से उच्च जाति के साथ नहीं|

8. महिलाएं सिर्फ पति की सेवा उनको खुश करने के लिए और शारीरिक संबंध बनाने के लिए है और अछूत

महिला को अपने स्तन भी नहीं ढकने चाहिए|

9. महिलाओं को उनके पति के मृत्यु के बाद उनके पति की चिता के साथ ही जला देना चाहिए |

10. शूद्रों को तालाब से पानी पीने का हक नहीं है लेकिन तालाब में गाय भैंस आदि जानवरों को स्नान कराया जा सकता है|

डॉ अंबेडकर को इस कार्य के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा| कुछ लोगों ने कहा कि किसी पाठ को जलाने से क्या हासिल होगा| उन्होंने जवाब दिया की गांधी विदेशी कपड़े क्यों जलते हैं|

मनुस्मृति को सती प्रथा और बाल विवाह प्रणाली का मूल कारण मानने वाले डॉ अम्बेडकर जी सैदव महिलाओं की मुक्ति और दलितों के उत्थान के लिए खड़े रहे| इस कारण इस दिन को 'स्त्री मुक्ति दिवस' के रूप में भी याद किया जाता है|

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी , भारत के संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के सच्चे सेनानी, ने अपने जीवनभर दलितों, महिलाओं, और समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

उनकी पुण्यतिथि, 6 दिसंबर, केवल उनके जीवन का अंत नहीं, बल्कि उनके आदर्शों और विचारधारा के प्रति सम्मान का दिन है। अंबेडकर जी ने भारतीय संविधान के माध्यम से समानता और स्वतंत्रता के अधिकारों को सुनिश्चित किया, जिससे समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और असमानता को समाप्त करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

अंबेडकर जी ने हमेशा महिलाओं और दलितों के लिए समान अधिकारों की वकालत की। उन्होंने कहा:

"मैं किसी समाज को तब तक प्रगतिशील नहीं मानता जब तक उस समाज में महिलाओं को समान अधिकार और सम्मान न मिले।"

उनकी जीवनभर की मेहनत और बलिदान ने समाज को नई दिशा दी। वे केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि लाखों लोगों के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। 25 दिसंबर 1927 और 6 दिसंबर 1956, इन दोनों तिथियों का महत्व एक समान उद्देश्य को दर्शाता है—**समानता, न्याय, और सम्मान का अधिकार।**

समानता और न्याय का संदेश

25 और 6 दिसंबर को डॉ. अंबेडकर के संघर्ष और विचारों की याद दिलाती है। उनका मनुस्मृति दहन और बौद्ध धर्म अपनाना समाज में समानता की दिशा में महत्वपूर्ण मील के पत्थर थे।

- 1927 में मनुस्मृति दहन के माध्यम से अंबेडकर जी ने भेदभाव और अन्याय के खिलाफ विद्रोह किया।
- 1956 में, उन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर और लाखों दलितों को प्रेरित करके सामाजिक सुधार के नए युग की शुरुआत की।

मनुस्मृति दहन दिवस और अंबेडकर जी की पुण्यतिथि न केवल दलितों और महिलाओं के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। ये दिन हमें याद दिलाते हैं कि सामाजिक समानता और न्याय के लिए संघर्ष केवल अतीत की बात नहीं है; यह आज भी जारी है।

डॉ. अंबेडकर जी ने कहा था:

"मैं किसी समुदाय की प्रगति को उस समुदाय में महिलाओं के दर्जे से मापता हूँ।"

उनकी इस सोच को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

25 दिसंबर और 6 दिसंबर, दोनों ही भारतीय इतिहास में मानवता और समानता के प्रतीक हैं।

डॉ. अंबेडकर जी के साहस और संघर्ष ने हमें एक ऐसा समाज दिया जो समानता और न्याय की नींव पर खड़ा है।

इन दिनों को मनाने का अर्थ केवल उन्हें याद करना नहीं है, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना और एक समतामूलक समाज की दिशा में कदम बढ़ाना है।

"असमानता को नकारें, समानता को अपनाएँ—यही डॉ. अंबेडकर जी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।"

****

लेखक मीडिया मैप के मुख्य सह-सम्पादक है।

अलविदा, प्यारे मित्र: एक अनमोल रिश्ते की कहानी

प्रो प्रदीप माथुर



रविवार को चिन्मय भवन सभागार में परिवार के सदस्य और मित्र, चाहे वे बूढ़े हों या कम उम्र के, एक ऐसे अद्भुत व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए, जिसने उनके जीवन को छुआ और उनके मन में एक स्थायी छाप छोड़ी। वह कृष्ण गोपाल पांडे थे, जो अपना नाम के. गोपाल पांडे लिखना पसंद करते थे, शायद प्रसिद्ध संपादक पद्म भूषण आर. माधवन नायर से प्रेरित होकर।

मैं पहली बार पांडे जी से 1970 के दशक के आखिर में मिला था, जब वे द ट्रिब्यून में इंटरव्यू देने आए थे। मैं पहले से ही वहां काम कर रहा था और मुझे यह जानकर खुशी हुई कि लखनऊ की पृष्ठभूमि वाला कोई व्यक्ति द ट्रिब्यून में शामिल होना चाहता है। इसलिए हमारी एक अच्छी मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने मुझसे संगठन और उसके प्रमुखों के बारे में बातें पूछीं। मुझे उनके साथ जानकारी साझा करने में खुशी हुई। श्री पांडे का चयन तो हो गया, लेकिन किसी कारण से वे द ट्रिब्यूट में शामिल नहीं हो सके। फिर मैं 1980 में दिल्ली चला गया। जफर मार्ग पर मेरा कार्यालय मंडी हाउस क्रॉसिंग के करीब था, जहां वे फिक्की में उनके पीआर विभाग का नेतृत्व कर रहे थे। हमारी मुलाकातें काफी बार होने लगीं। हमें जल्द ही पता चल गया कि हम दोनों में बहुत कुछ समान है। हम दोनों की पृष्ठभूमि लखनऊ की थी, हम दोनों ने अलग-अलग समय पर लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी और हम दोनों ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद जीवन में तरक्की की थी। कुछ और चीजें भी समान थीं। हम दोनों की पत्नियाँ अध्यापन की नौकरी करती थीं और दिल्ली से दूर रहती थीं और हमें घर चलाने और बच्चों की देखभाल और उनकी शिक्षा आदि जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।

फिक्की के जनसंपर्क प्रमुख के रूप में श्री पांडे ने समाचार और अन्य लाभों के लिए बहुत से पत्रकारों को आकर्षित किया। लेकिन किसी तरह मेरा उनसे एक गहरा भावनात्मक रिश्ता बन गया और हमारे रिश्ते पेशेवर होने के बजाय व्यक्तिगत हो गए जो हमारे दो परिवारों तक फैल गए। यह गहरा भावनात्मक रिश्ता हमेशा के लिए कायम रहा। जब वे पिछले हफ़्ते अपनी अनंत यात्रा पर चले गए तो मुझे लगा कि मैंने एक करीबी पारिवारिक सदस्य खो दिया है।

श्री पांडे एक ऐसे व्यक्ति थे जिनके पास दिमाग और दिल दोनों ही तरह के गुण थे। जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमेशा सकारात्मक रहा। अपने आस-पास के लोगों के प्रति उनकी गहरी सहानुभूति थी और उनका सेंस ऑफ ह्यूमर भी बहुत बढ़िया था। उनमें खुद पर हंसने की एक दुर्लभ विशेषता थी। उन्हें किसी तरह की हैसियत की चिंता नहीं थी और वे सभी से समान रूप से मिलते थे। हालाँकि वे बहुत से लोगों को जानते थे, लेकिन अपनी दुर्लभ अंतर्दृष्टि से वे सभी तक पूरी तरह से पहुँच पाते थे।

श्री पांडे बहुत प्रतिभाशाली थे और उनमें गतिशील बौद्धिक ऊर्जा थी। उनमें बहुत रचनात्मक प्रवृत्ति थी। मैंने उनसे कई बार कहा कि वे अपनी रचनात्मक ऊर्जा को किसी ठोस काम में लगाएं जैसे कि कोई किताब लिखना या मीडिया के छात्रों के साथ सत्र लेना, लेकिन उन्होंने हमेशा मना कर दिया। दिल्ली के मीडिया जगत में वे एकमात्र ऐसे दोस्त थे जिन्हें मैं चाहता था, लेकिन भारत के सबसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान, आईआईएमसी, नई दिल्ली में अपने छात्रों से बात करने के लिए कक्षा में नहीं ला सका।

लखनऊ पृष्ठभूमि के कुछ वरिष्ठ पत्रकार हैं जो पांडेय जी के अच्छे मित्र रहे हैं। उन्होंने मुलाकात की और एक वीडियो चर्चा में अपनी श्रद्धांजलि रिकॉर्ड की। वीडियो यू ट्यूब पर है और इसे mediamap.co.in लिंक पर क्लिक करके देखा जा सकता है।

कई अन्य लोगों की तरह प्रेस क्लब ऑफ इंडिया पांडे जी के लिए दूसरा घर था। अब उनकी अनुपस्थिति में प्रेस क्लब मेरे लिए कभी भी वैसा नहीं रह जाएगा जैसा पहले था।

यह सोचते हुए कि उनके इस दुनिया से चले जाने के बाद कौन उन्हें याद करेगा, प्रसिद्ध उर्दू शायर जिगर मुरादाबादी, जो शराब के बड़े शौकीन थे, ने कहा था:

जान कर मिन्जुमलऐ खासने मैखाना मुझे
मुद्दतो रोया करेंगे जामो पैमाना मुझे।

(मुझे शराब पीने का बहुत शौकीन और शराब बार का एक विशेष सदस्य के रूप में याद करते हुए, शराब का माप और गिलास मुझे लंबे समय तक याद रखेंगे)

पाण्डेय जी शराब के शौकीन नहीं थे और प्रेस क्लब कोई पब नहीं है, लेकिन प्रेस क्लब के कप और तश्तरियां तथा कुर्सियां और मेजें, निःसंदेह पाण्डेय जी को लम्बे समय तक याद रखेंगी।

अलविदा प्यारे अच्छे पुराने दोस्त!

****

लेखक : वरिष्ठ पत्रकार , मीडिया गुरु एवं मीडिया मैप के संपादक हैं।

IN LOVING MEMORY OF

Gopal Pandey

1944 - 2024

पांडेय जी जिन्होंने जनसंपर्क को नयी परिभाषा दी

पंडित कृष्ण गोपाल पांडेय जी मंगलवार नम्बर 26 को इस असार संसार से विदा हो गए। मेरे विचार मे हम दोनों ने लगभग 55 साल पूर्व लखनऊ में पत्रकारिता शुरू की। उन्होंने राष्ट्रीय न्यूज एजेंसी यू एन आई में काम शुरू किया और कालांतर में नई दिल्ली आ गए। मैने कुछ सालों तक दैनिक स्वतंत्र भारत एवं अंग्रेजी दैनिक पायोनियर में काम करने के बाद टाइम्स ऑफ इंडिया ज्वाइन कर लिया। उनकी प्रतिभा के हम सभी कायल थे। इसलिए हमें आश्चर्य नहीं हुआ जब देश के उद्योगपतियों ने उनसे फिक्की में शामिल करने का अनुरोध किया। परिवार की बढ़ती जिम्मेदारियों के कारण भी उन्होंने शायद पत्रकारिता की मुख्य धारा छोड़ने का निर्णय किया था।

पंडित जी का निजी जीवन सादगी की मिसाल थे। उन्होंने एक चिंतक एवं सहयोगी के रूप ने सहयोग किया। वह मीडिया को सकारात्मक सोच का प्रतीक मानते थे। मुझे उनके इस असार संसार से विदा होने निजी दुख है, किंतु एक ही कामना है कि उनकी भांति जनसंपर्क का आधार जन सेवा ही होना चाहिए। उन्होंने पब्लिक रिलेशन को नए ढंग से परिभाषित किया था। वह इस क्षेत्र के प्रकाश स्तंभ थे।

मुझे अकसर आश्चर्य होता था कि अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह किस प्रकार उनके लिए प्रचार का कार्य करते थे, किंतु जब उदारीकरण की शुरुआत हुई तो उनकी भूमिका ऐतिहासिक हो गई। लाइसेस राज और राजनैतिक संरक्षण में पले उद्योगपति, जिसमें बिरला बंधु जैसे बड़े नाम थे , सिर्फ दलाल बन कर रह गए थे। उस अवधि में पंडित जी एक गुमनाम सिपाही की भूमिका निभा रहे थे। उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को लाइसेंस राज से मुक्त प्रतियोगिता के लिए वातावरण के लिए जो कार्य किया। अमित मित्र के वे सहयोगी थे, जिन्होंने प्रांत के वित्त मंत्री के रूप में बंगाल को राजनैतिक दलदल से मुक्त करा कर उद्योगों के रास्ते में लाने का प्रयास किया।

~ गोपाल मिश्रा
लेखक : वरिष्ठ पत्रकार हैं।

एक चमकता सितारा जिसकी फिल्में हमेशा अपने समय से आगे रही

प्रशांत गौतम

जब भी भारतीय सिनेमा के सुनहरे दौर की बात होती है, देव आनंद का नाम सबसे पहले ज़ुबान पर आता है। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के गुरदासपुर में हुआ था। असली नाम धर्मदेव पिशोरीमल आनंद, लेकिन सिनेमा के पर्दे पर वह 'देव आनंद' के नाम से मशहूर हुए। उन्होंने अपनी एक्टिंग, अंदाज़ और दिलकश शख्सियत से फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। अपने ज़माने में वह एक स्टाइल आइकॉन के रूप में उभरे, और आज भी लोग उनकी स्टाइल और एटिट्यूड की तारीफ करते हैं।

देव आनंद का फिल्मी करियर 1940 के दशक में शुरू हुआ। उन्होंने 1946 में 'हम एक हैं' फिल्म से डेब्यू किया, लेकिन उन्हें असली पहचान मिली 1948 की फिल्म 'जिद्दी' से। इसके बाद, उन्होंने 'बाज़ी', 'गाइड', 'जॉनी मेरा नाम', 'हरे रामा हरे कृष्णा' जैसी कई सुपरहिट फिल्में दीं। उनके रोमांटिक अंदाज़ और अदाकारी ने उन्हें युवा दिलों की धड़कन बना दिया था।

देव आनंद का अपना एक अलग स्टाइल था। उन्होंने न सिर्फ अपने कपड़ों से, बल्कि अपने डायलॉग डिलीवरी और बॉडी लैंग्वेज से भी युवाओं को प्रभावित किया। उनका एवरग्रीन व्यक्तित्व और जिंदादिली हमेशा ही चर्चित रही। उनका यह अंदाज़ इतना अनोखा था कि हर नौजवान उनकी स्टाइल को अपनाने की कोशिश करता था।

देव आनंद का चार्म ऐसा था कि उनकी फिल्में सिर्फ सिनेमाघरों में ही नहीं, बल्कि फैशन की दुनिया में भी क्रांति ले आईं। उनका एक काला शर्ट पहनने का अंदाज़ इतना प्रसिद्ध हो गया कि युवा उनके जैसा काला शर्ट पहनकर सड़कों पर घूमने लगे। यह ट्रेंड कुछ ऐसा था कि उनकी हर फिल्म में उनके फैंस उनके पहनावे को कॉपी करने लगे। लेकिन इस पर एक अजीब घटना घटी – भारत सरकार ने उनके काले शर्ट पहनने पर बैन लगा दिया!

ये घटना 1950 के दशक की है, जब देव आनंद की लोकप्रियता चरम पर थी। कहा जाता है कि जब देव आनंद काले शर्ट में बाहर जाते थे, तो उनके फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए भीड़ में शामिल हो जाते थे, और कभी-कभी यह भीड़ इतनी बेकाबू हो जाती थी कि भगदड़ की स्थिति पैदा हो जाती थी। उनकी शख्सियत और काले शर्ट की दीवानगी का आलम यह था कि सरकार को सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाना पड़ा।

यह भी कहा जाता है कि काले शर्ट में देव आनंद की पर्सनालिटी इतनी जादुई थी कि लोग उनके आकर्षण से खुद को संभाल नहीं पाते थे। इस दीवानगी को देखते हुए देव आनंद ने भी बाद में खुद काले शर्ट पहनना बंद कर दिया, ताकि लोग शांति से रह सकें।

देव आनंद की फिल्मों ने भारतीय सिनेमा को नया रूप दिया। 'गाइड' जैसी फिल्मों में उन्होंने न सिर्फ एक रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाई, बल्कि गंभीर और संजीदा विषयों पर भी काम किया। 'गाइड' में उनके द्वारा निभाया गया किरदार आज भी भारतीय सिनेमा के बेहतरीन पात्रों में गिना जाता है।

उन्होंने अपनी फिल्मों में हमेशा समाज से जुड़े मुद्दों पर बात की। चाहे वह युवा पीढ़ी की मानसिकता हो, या फिर समाज के ठहरे हुए विचारों को चुनौती देना। देव आनंद की फिल्में हमेशा अपने समय से आगे रही हैं। वह केवल एक अभिनेता ही नहीं, बल्कि एक निर्देशक और निर्माता भी थे। उन्होंने 'नवकेतन फिल्म्स' की स्थापना की, जो उनकी कई हिट फिल्मों का गढ़ बना।

देव आनंद का सिनेमा के प्रति प्यार और समर्पण जीवन भर बना रहा। उन्होंने अपने करियर में लगभग 114 फिल्मों में काम किया और सिनेमा की दुनिया में कई नई धाराएं शुरू कीं। उन्होंने कभी अपने जीवन में ठहराव नहीं आने दिया और हमेशा खुद को नए जमाने के साथ जोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म 'चार्जशीट' 2011 में रिलीज़ हुई थी, जब वह 88 साल के थे।

देव आनंद का कहना था, "ज़िन्दगी में पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।" उनका यह फॉर्मूला ही उनकी ज़िन्दगी की कुंजी थी। वह हमेशा आगे बढ़ते रहे, और यही वजह थी कि उन्होंने कभी किसी नकारात्मकता को अपने जीवन में हावी नहीं होने दिया।

3 दिसंबर 2011 को देव आनंद का लंदन में निधन हो गया, लेकिन उनकी विरासत आज भी जीवित है। वह सिनेमा जगत के ऐसे सितारे थे, जिन्होंने अपनी कला, स्टाइल और जिंदादिली से लाखों दिलों पर राज किया। उनकी फिल्में, उनका अंदाज़, और उनका जीवन आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं।

उनकी ज़िन्दगी का यह किस्सा कि उन्हें काले शर्ट पहनने पर बैन लगाया गया था, यह दिखाता है कि वह केवल एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसा व्यक्ति थे, जिनकी मौजूदगी का असर समाज पर गहरा था। देव आनंद का जन्मदिन उनके फैंस के लिए एक खास मौका होता है, जब वे उनकी यादों को ताज़ा करते हैं और उनकी फिल्मों को फिर से जीते हैं।

देव आनंद एक ऐसे कलाकार थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा दी। उनका स्टाइल, उनकी फिल्में और उनका व्यक्तित्व आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था।

****

लेखक मीडिया मैप के मुख्य सह-सम्पादक है।

सुविचार

“जो खुद पर विश्वास करता है उसे दूसरों को समझाने की कोई ज़रूरत नहीं है।”

****

हमेशा अपने दिल की सुनो। यह भले ही आपके बाईं ओर हो, लेकिन यह हमेशा दाईं ओर होता है।

****

"सभी रिश्तों का सुनहरा नियम यह है कि निजी तौर पर एक-दूसरे को सुधारें और सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे का बचाव करें।"

****

“हर सुबह अपने आप से बात करो

1. *मैं सर्वश्रेष्ठ हूँ*
2. *मैं यह कर सकता हूं*
3. *भगवान हमेशा मेरे साथ है*
4. *मैं एक विजेता हूँ*
5. *आज मेरा दिन है।”*

****

डूबते जहाज़ के भागते चूहे

लेखक दिनेश वर्मा के बारे में

लेखक, दिनेश नारायण वर्मा, भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी हैं, अपनी सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपना दिल और आत्मा लेखन में लगा दी और 2016 में पीपुल्स सिंडिकेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित अपनी पहली किताब 'माई टाइम्स माई टेल्स' से इसकी शुरुआत की, जो बरेली, यूपी से दिल्ली के हलचल भरे महानगर तक की उनकी यात्रा के दौरान हुई घटनाओं और प्रकरणों पर आधारित सत्ताईस कहानियों का संग्रह है।

श्री वर्मा ने 'ए फैसिनेटिंग ट्रिप टू ह्यूमन्स मैन्युफैक्चरिंग साइट' लिखने में दूसरा प्रयास किया, जो स्पष्ट रूप से एक अवधारणा पुस्तक थी जो मनोरंजक तरीके से मानवीय स्थिति पर एक अभिनव नज़र डालती है।

लघु कथाओं और लेखों 'मेरे समय की मेरी कहानियां' के हिंदी संस्करण के प्रकाशन के बाद, हाल ही में प्रकाशित अंग्रेजी पुस्तक 'द ब्लेस्ड कर्स' पाठकों, विशेषकर युवाओं को स्वतंत्रता के आसपास के वर्षों में ले जाने की उनकी दीर्घकालिक इच्छा का परिणाम है, ताकि वे अपने पूर्वजों के दैनिक जीवन की कठोर वास्तविकताओं से परिचित हो सकें।

संलग्न कथा उनकी पुस्तक मेरे समय की मेरी कहानियाँ से ली गयी

- संपादक

वह चिल्ला जाड़ों की एक अन्धेरी रात थी। करीब दो बजे, जब अरविन्द गहरी नींद सो रहा था, उसे अपने दरवाज़े पर दबी दबी खट-खटाने की आवाज़ सुनाई दी। वह हडबडा के उठ कर बैठ गया और सोचने लगा कि रात के इस वक़्त कौन हो सकता है। उसने घड़ी की ओर नज़र डाली और झिझकते हुए उठकर दरवाज़ा खोला। उस के सामने उस के मित्र ध्रुवनाथ के सोलह वर्षीय पुत्र खड़े हुए थे जिसकी आँखे आंसुओं से भरी हुई थीं। ध्रुवनाथ अरविन्द से उम्र में बड़े थे और परदेस में उस के हितैशी थे। वह उनका बहुत आदर करता था।

गुड्डू के इस वक़्त आने से अरविन्द बहुत परेशान हो उठे। उनके पूछने पर गुड्डू ने रोते हुए बताया कि उसके पापा को दो घंटे से खून की उल्टी हो रही थी। अरविन्द अब पूर्णरूप से जाग चुका था। बीमारी की गंभीरता समझते हुए उसने तेज़ी से कपड़े बदले, दरवाज़े पर ताला लगाया और नाथ साहब के घर की ओर साइकिल पर रवाना हो गया जो करीब एक किलोमीटर दूर था। गुड्डू पहले ही जा चुका था।

चारों तरफ घोर अंधेरा फैला हुआ था। कहीं कहीं पर खम्बे पर मरी मरी रौशनी दिखाई दे रही थी जो सड़कों को प्रज्वलित कर पाने का असफल प्रयत्न कर रही थी। सड़कों और गलियों में व्यक्ति तो दूर किसी कुत्ते के भौकने की आवाज़ तक उसे सुनाई नहीं दी। रात्रि के घोर अन्धेरे ने पुरे शहर पर भयानक खामोशी की चादर फैला दी थी। आस पास के पेड़-पौधों से निकलते कीड़े-मकोड़ो की हल्की हल्की आवाज़ वातावरण को और भी भयानक बना रही थी। शायद अंधेरे का यह डरावनापन उसके लिए आने वाली डरावनी स्थिति का संकेत था। नाथ साहब के बारे में कुछ भी गलत सोचकर अरविन्द के दिल का बैठना स्वाभाविक ही था।

नाथ साहब राज्य सरकार के कार्यलय में अभियंता के पद पर कार्यरत थे और अपने दो बेटों और एक साधारण स्वभाव की पत्नी के साथ कॉलोनी के फ्लैट में रहते थे। उनकी उम्र करीब पचास वर्ष रही होगी। अरविन्द से वह करीब बीस साल बड़े थे। लम्बा कद और सावला रंग, वह बड़े हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे। अधिकतर वह स्वयं को लेकर ही मज़ाक किया करते थे। उम्र में काफी फर्क होते हुए भी वह अरविन्द के एक बहुत अच्छे साथी सिद्ध हुए थे। कुछ दिन पहले ही जब अरविन्द देहरादून में अपना कार्यभार संभालने आया था तो सिवाए कुछ अफसरों के, जिन से वह वहाँ पहुँचते ही औपचारिक तौर से मिला था, उनके अलावा किसी से भी कोई जान पहचान नहीं थी। मिस्टर नाथ ही थे जो पहली मुलाकात में ही उसको भा गए और धीरे धीरे उनके सम्बन्ध घनिष्ठ होते चले गए। अरविन्द न केवल अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए बल्कि सरकारी सुझावों के लिए भी उन पर काफी हद तक निर्भर था। नाथ साहब अरविन्द के लिए घर के समान और सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ते थे। अरविन्द नाथ साहब के साथ उनके पिछले बंगले पर कई महीनों तक रहा जब तक उस को अपना स्वयं का मकान नहीं मिल पाया था। लेकिन उन चंद महीनों के साथ ने उन दोनों को इतना करीब ला दिया कि वह अलग होने के बाद भी दूर नहीं जा पाए। मिस्टर नाथ एक

अच्छे कलाकार भी थे और अलग होने के अच्छा बजाते थे। दोनों संध्या के समय शतरंजा रखेला करते थे। वे अपनी बाईलज बडजरविन्द का गेस्ट रूम में सोने का प्रबंध करते थे और हर शाम का खाना दोनी देखरेख में आरति थे। असल में अपने घर में शिफ्ट हो जाने के बाद भी अरविन्द को अधिकतर समय नाथ साहब तथा अन्य मित्रों के साथ ही कटता था।

अब यह सुन के कि उनकी हालत बहुत अधिक ख़राब है, उसका घबरा जाना स्वाभाविभव व्यास अरविन्द जैसे तैसे तेज़ साइकिल चला कर वहाँ पहुँचे। प्रथम माले पर स्थित नाथ सहाब के मकान पर पहुँच कर उसने दरवाज़ा खटखटाया। दस्तक सुनकर स्थित साहब की पत्नी ने दरवाज़ा खोला। अरविन्द उन का घबराया हुआ चेहरा देखता ही नाथाया। आँखों में आंसू भरे हुए थे जो निकलने को मचल रहे थे। अरविन्द सांत्वना के कुछ शब्द बोलते हुए धीरे धीरे नाथ साहब के कमरे की ओर बड़े। यह कहने कि कुछश्यकता नहीं है कि उनके दोनों लड़के इतने छोटे थे कि उन से अपनी माँ को इस स्थिति में सँभालने की अपेक्षा नहीं की जा सकती थी। मगर फिर भी अपने आपको बह किसी तरह संभाली हुई थी।

नाथ साहब के कमरे के पास पहुँच कर अरविन्द ने दरवाज़े पर खड़े होकर कमरे का जाएज़ा लिया। उसकी निगाह पलंग पर लेटे हुए नाथ साहब से होते हुए पलंग के पास नीचे फैली हुई खून की उल्टी पर जाकर रुक गई। अरविन्द को यह समझने में देर नहीं लगी कि हालत जितनी उसने सोची थी उस से कही ज़्यादा ख़राब थी। क्योंकि उल्टी हुए करीब एक घंटे से ज़्यादा हो चुका था लिहाज़ा अरविन्द को यह सोचने का समय मिल गया कि इस आपातकालीन स्थिति से कैसे निपटा जाए। उस ज़माने में आने जाने के साधन बहुत सीमित हुआ करते थे और संचार व्यवस्था तो जैसे न के बराबर थी। इधर अरविन्द के पास इंतज़ार करने का समय ही नहीं था। उसने जैसे तैसे टेलीफोन पर अपने कुछ पुराने साथी अफसरों से संपर्क किया और उनकी सहायता से नाथ साहब को लेकर जिला अस्पताल के आपातकालीन काउंटर पर पहुँच गए। धीरे धीरे सूरज की किरणें क्षितिज में उभरने लगी थीं और उधर अस्पताल भी अब धीरे धीरे पूर्ण रूप से कार्यरत होता जा रहा था।

डॉक्टरों ने नाथ साहब का निरीक्षण करके आवश्यक इलाज की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जिसके परिणाम स्वरूप उन्हें कुछ आराम मिला और हालत आगे गिरने से रुक गई। हालाँकि उल्टियाँ इतनी तेज़ी से नहीं हो रही थी जितनी तेज़ी से पहले हो रही थी परन्तु पूर्णरूप से रुकी भी नहीं थी। इसलिए उनका इलाज अस्पताल में ही होना ज़रूरी था। मगर यहाँ फिर एक समस्या खड़ी हो गई। अस्पताल छूत बीमारियों के रोगियों को इस डर से अस्पताल में दाखिल नहीं करते थे कि कहीं उस बीमारी का इन्फेक्शन अस्पताल के दूसरे मरीजों तक न पहुँचे। और नाथ साहब को भयानक तपेदिक की बीमारी डॉक्टरों ने बताई। बड़ी कोशिशो के बाद अरविन्द अस्पताल के अधिकारीयों को इस बात को मनवाने में सफल हो पाए कि वे उनको एक निर्धारित स्थान को सुरक्षित करके एडमिट कर लें जो रोगियों के वार्ड से दूर हो। लेकिन इन तीन चार घंटो की वार्ता का प्रभाव यह हुआ कि उनकी बीमारी का खतरनाक पहलू सामने खुल कर आ गया। लिहाज़ा जैसे ही उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया उनके बहुत से साथी और दोस्त उन्हें ऐसे छोड़कर चले गए जैसे डूबते जहाज़ से चूहे भागते है। शाम होते होते अरविन्द के अलावा नाथ साहब के पास कोई नहीं था और अकेले ही अरविन्द ने उन्हें उस वक़्त तक संभाला था जब तक दूसरे दिन उनके परिवार के सदस्य आ नहीं गए। यह अरविन्द के लिए वाकई एक बहुत मुश्किल काम था जो उसने बिना किसी झिझक के बखूबी किया हालाँकि बहुत से लोगों ने उसे इशारे से डराया भी कि नाथ साहब के पास रहना उस के लिए बहुत ख़तरनाक हो सकता था। नाथ साहब रात भर खून की उल्टी करते रहे और अरविन्द बहुत समझदारी से उन्हें संभालता रहा। आखिरकार वह डरावनी रात जैसे तैसे बीत गई और दूसरे दिन का सूर्य हल्की चमकीली किरणों के साथ आशा का सवेरा लेकर आया। नाथ साहब अब खतरे से बाहर थे और खुद को काफी बेहतर महसूस कर रहे थे। नाथ साहब के भाइयों और भतीजों ने आकर उन्हें संभाला और अरविन्द को गर्मजोशी से शुक्रिया अदा करके आराम करने की सलहा दी।

अरविन्द सोने के लिए अपने घर चला गया लेकिन वह सो नहीं पाया। उसे बार बार नाथ साहब के सहयोगियों और मित्रों के वह शब्द याद आते रहे जो उसे नाथ साहब को छोड़ के जाने के लिए उकसाते थे। नींद के लिए झपकती हुई आँखों से उसे यह ख्याल आया अगर उसके साथ ऐसा हुआ होता तो क्या होता। वह भी तो इस शहर में अकेला ही था। सिवाए कुछ मित्रों के यहाँ और कौन था उस का अपना। क्या वह तमाम लोग जिनके साथ उसने खाया पिया, हँसा बोला, और इतना समय साथ साथ गुज़ारा उसको ऐसी ख़राब हालत में छोड़ के चले जाते? हां, उसने सोंचा यह हो सकता था। लेकिन फिर उसे ख्याल आया कि कोई न कोई ऐसा ज़रूर होगा जो कृतघ्न का शिकार न होते हुए उस की तरह उस का सहारा बन के उसके साथ खड़ा रहता।

****

मीडिया मैप वेबसाइट पर

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण VIDE

21 Nov

"पैसों से परे, इंसानियत का सबक: 'कौन बनेगा करोड़पति' का खास पल"



हमारे संवाददाता द्वारा

नई दिल्ली | गुरुवार | 21 नवम्बर 2024

"कौन बनेगा करोड़पति" - हाल ही में एक एपिसोड में, "फास्टेस्ट फिंगर" राउंड में सबसे तेज जवाब देने वाले नीरज सक्सेना ने हॉट सीट पर जगह बनाई। वह बहुत शांति से बैठे रहे, न चिल्लाए, न नाचे, न रोए, न हाथ उठाए और न ही अमिताभ को गले लगाया। नीरज एक वैज्ञानिक, पीएचडी, और कोलकाता में एक विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। उनका व्यक्तित्व सरल और सौम्य है। उन्होंने खुद को सौभाग्यशाली माना कि उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि शुरू में वे केवल खुद के बारे में सोचते थे, लेकिन कलाम के प्रभाव में उन्होंने दूसरों और राष्ट्र के बारे में भी सोचना शुरू किया।

नीरज ने खेलना शुरू किया। उन्होंने एक बार ऑडियंस पोल का उपयोग किया, लेकिन उनके पास "डबल डिप" लाइफलाइन होने के कारण उसे

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण VIDEO

20 Nov

Maharashtra: Why Will Shinde And Ajit Pawar Not Succeed?



Prof. Pradeep Mathur

New Delhi | Wednesday | 20 November 2024

The assembly elections being held today in Maharashtra are important not only for the state but also for the political scenario of the entire country. Through this election, the people of Maharashtra will not only decide the future of their state, but it will also indicate the direction in which the thinking and voting trend of the public can go in other states of the country in the future. There have been many issues in this election which have affected the political direction and future of the state. Also, the reputation of many big political personalities and parties is at stake in this election.

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण VIDE

20 Nov

Seeking Peace In A Fractured Manipur: Recommendations From The Ground

Mohd Naushad Khan

New Delhi | Wednesday | 20 November 2024

The Socialist Party (India), led by Magsaysay award winner Sandeep Pandey, visited five relief camps in Imphal between November 11 and 12, 2024, to assess the living conditions of displaced individuals affected by the ongoing violence in Manipur. Based on their findings, the party issued recommendations to promote peace, provide equitable relief, and pave the way for dialogue between the conflicting Meitei and Kuki communities. These recommendations were submitted to the Deputy Commissioners of Imphal (West and East) and the Directorate of Health Services, Manipur.

The Socialist Party's visit highlighted significant discrepancies in the relief provided to camp inmates. At

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण VIDE

15 Nov

नवम्बर 15 : गुरु नानक जयंती

जो एक सच्चे समाज सुधारक थे

आकांक्षा माथुर

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया | शुक्रवार | 15 नवंबर 2024

जिस युग में गुरु नानक का जन्म हुआ, उस समय भारतीय समाज गहन पतन की अवस्था में था। वह जाति-पाति की जकड़ में फंसा हुआ था और धीरे-धीरे अपनी समाप्ति की ओर बढ़ रहा था। इसके अतिरिक्त, उस समय की राजनीतिक दशा भी निराशाजनक थी। देश के बड़े हिस्सों पर विदेशी आक्रमणकारियों का शासन था, जो अपने हितों के लिए लोगों का शोषण कर रहे थे। समाज में फूट थी, और लोग अत्याचारों के बोझ तले कराह रहे थे। ऐसे समय में गुरु नानक ने समाज में नई आशा और उत्साह का संचार किया।

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण VIDE

12 Nov

उमर अब्दुल्ला के लिए मुख्यमंत्री पद काँटों का एक ताज

अश्विनी कुमार

जम्मू-कश्मीर | मंगलवार | 12 नवंबर 2024

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और नेशनल कॉन्फ्रेंस के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बीच की खटपट प्रशासन में तनाव ला सकती है। उमर अब्दुल्ला, जो जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री बने हैं, के पास इस बार उतनी स्वतंत्र शक्ति नहीं है जितनी उन्हें 2009 में मिली थी। इस बार उनके सामने कांटों भरा ताज है और प्रशासनिक चुनौतियां गंभीर हैं।

उमर अब्दुल्ला का राजनीतिक सफर, उनके पिता फारूक अब्दुल्ला की विरासत और जनता का विश्वास उनके लिए बड़े सपनों का मार्ग प्रशस्त करते हैं। हालांकि, इस बार स्थिति पहले से अलग है। राज्य का पूर्ण दर्जा छिन जाने और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ सत्ता साझा करने के

diamap.co.in/blog/विखंडितमणिपुरमेंशांतिकीतलाश

ना करना पड़ेगा। उनकी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर में अच्छा समर्थन हासिल किया है

Media Map HOME TODAY`S EDITION आज का संस्करण

17 Nov

November 14: Prayas Founders Day

Children Are Special And Special Children Are More Special

Amitabh Srivastava

New Delhi | Monday | 18 November 2024

November 14 became a cause celebrated for the entire social sector as Prayas JAC Society Centre, a confluence of many diverse but related streams celebrates its 36th Founders Day on this day.

As Mr Amod K Kanth, Founder and Mentor of Prayas, fondly mentions, the journey of Prayas is "a

Visit Our Bilingual Website: www.mediamap.co.in

Subscribe To Our YouTube Channel : Media Map News

मीडिया मैप दिसम्बर

SCHOLARS DESTINATION

RNI NO. : UPHIN/2016/68336

Please stay in Scholars destination and explore the beauty of surrounding areas .

PLEASE CONTACT

9045005700 | 9910322682 | www.sdmotel.com | info@sdmotel.com

BHALUGAAD WATERFALL

KAINCHI DHAM

MUKTESHWAR DHAM

CHAULI KI JALI